महाप्रबंधक, पूर्व मध्य रेल, हाजीपुर के साथ मंडल संसदीय समिति की बैठक का कार्यवृत दिनांक 06.09.2018

उपस्थित

<u>माननीय सांसद/ माननीय सांसद के प्रतिनिधि</u>

1. माननीय सांसद श्री रविन्द्र कुमार पाण्डे,गिरिडीह
2. माननीय सांसद श्री पशुपतिनाथ सिंह, धनबाद
3. माननीय सांसद श्री बी.डी.राम, पलामु
4. माननीय सांसद श्री हरि माँझी, गया
5. माननीय सांसद श्री रविन्द्र कुमार राय, कोडरमा
6. माननीय सांसद श्री रामटहल चौधरी, राँची
7. माननीय सांसद श्री महेश पोद्दार(राज्यसभा) के प्रतिनिधि श्री संजय झा

<u>मुख्यालय पू.म.रेल</u>

1. श्री एल.सी. त्रिवेदी, महाप्रबंधक
2. श्री बी चौधरी, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/दक्षिण
3. श्री सलील कुमार झा, प्रधान मुख्य परिचालन प्रबंधक
4. श्री विष्णु कुमार, प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक
5. श्री शैलेन्द्र कुमार, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी
6. श्री रविन्द्र वर्मा, प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त
7. श्री राकेश तिवारी, प्रधाम मुख्य विद्युत इंजीनियर
8. श्री सितेश कुमार सिंह, मुख्य इंजीनियर/निर्माण/द.पूर्व
9. श्री राजेश कुमार, मुख्य जनसंपर्क अधिकारी
10. श्री आलोक कुमार झा, उप.महाप्रबंधक/सामान्य

<u>धनबाद मंडल</u>

श्री अनिल कुमार मिश्रा, मंडल रेल प्रबंधक, धनबाद एवम् अन्य शाखा अधिकारी

<u>क्रम संख्या</u> **<u>मद</u>**

1.0 **<u>महाप्रबंधक महोदय का संबोधन</u>** –

सर्वप्रथम महाप्रबंधक महोदय ने मंडल संसदीय समिति के अध्यक्ष एवम् माननीय सांसदो एवम् उनके प्रतिनिधि का हार्दिक अभिनंदन एवं स्वागत किया । तत्पश्चात महाप्रबंधक महोदय ने धनबाद मंडल की उपलब्धियों पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। जिसके कुछ महत्वपूर्ण बिंदू निम्नवत् हैं । -

1.1 धनबाद मंडल भारतीय रेल के उच्चतर राजस्व कमाई करने वाले मंडलों में से एक है। जिसमें औसतन 89 रेक प्रति दिन कोयले की लोडिंग हो रही है।

क्रम संख्या	**मद**
1.2	लोडिंग के अलावा यात्रियों को सर्वोत्तम गुणवत्ता वाली यात्री सुविधाएँ प्रदान करने केलिए रेलवे प्रतिबद्ध है ।
1.3	धनबाद मंडल में कुल 12 स्टेशनों पर सफाई का कार्य मशीनीकृत रुप से हो रही है एवं 24 घंटे सफाई कर्मी उपलब्ध हैं।
1.4	यात्रियों को सुरक्षित प्लेटफॉर्म पार करने की सुविधा प्रदान करने हेतु 14 स्टेशनों पर एफओबी के लिए कार्य स्वीकृत है। डाल्टेनगंज, बरकाकाना स्टेशन का पुनर्विकास किया जा रहा है जो दिसंबर 2018 तक पुरा कर लिया जायेगा ।
1.5	दिब्यांग यात्रियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए धनबाद मंडल के 02 प्रमुख स्टेशनों पर दिब्यांग शौचालय उपलब्ध कराये गये हैं एवं 09 स्टेशनों पर कार्य प्रगति पर है । धनबाद स्टेशन पर स्वचालित सीढ़ी उपलब्ध है एवम् लिफ्ट का कार्य धनबाद एवम् कोडरमा स्टेशनों पर प्रगति में है।
2.0	**<u>मंडल रेल प्रबंधक द्वारा प्रस्तुतीकरण</u>**
	मंडल रेल प्रबंधक ने उपस्थित सभी माननीय सांसदो, महाप्रबंधक महोदय एवं अधिकारीगणों का आभार प्रकट करते हुए धनबाद मंडल की विशेषता एवं उसकी उपलब्धियों पर संक्षिप्त प्रकाश डाला गया जो निम्नवत् है –
2.1	धनबाद मंडल की स्थापना 1963 में अस्तित्व में हुई थी। यह मंडल चार राज्यों के तेरह जिलों में विस्तृत है ।
2.2	लदान के क्षेत्र में मंडल नें वर्ष 2017 – 18 में कुल 116.20 मी. टन कोयले का लदान कर एक रिकार्ड कायम किया है।
2.3	इस मंडल में कुल 86 जोड़ी मेल / एक्सप्रेस एवं 37 जोड़ी सवारी गाडियों का परिचालन होता है। धनबाद मंडल पर ट्रेनों का समयपालन जुलाई 2018 तक 92.5 प्रतिशत रहा है ।
2.4	धनबाद मंडल से कुल 13 राज्यों की राजधानियाँ ट्रेन परिचालन के माध्यम से जुड़ी हुई है । इस मंडल से 04 राजधानी 01 शताब्दी, 01 गरीब रथ एवं 02 दुरंतो गाडियाँ गुजरती हैं ।
2.5	धनबाद मंडल में कुल 138 स्टेशन एवं 42 पैसेंन्जर हॉल्ट सहित कुल 13 आदर्श स्टेशन हैं ।

क्रम संख्या	मद
2.7	दिनांक 12.08.2017 को एक नई रेल सेवा सिंगरौली - भोपाल सिंगरौली - हजरत निजामुद्दीन की शुरूवात की गई ।
2.8	मुख्य स्टेशनों के सभी प्लेटफॉर्म पर दिव्यांगों के लिए शौचालयों की व्यवस्था की गई है ।
2.9	04 स्टेशनों पर फुड ट्रेक बनाये गये हैं । 11 स्टेशनों पर 27 वाटर वेंन्डिंग मशीन लगाये गये हैं । 14 स्टेशनों पर पी.ओ.एस. सेवा उपलब्ध है ।
2.10	बरकाकाना एवम् डाल्टेनगंज स्टेशनों के पुनः विकास का कार्य प्रगति पर है । 13 स्टेशनों पर उपरगामी पुल (FOB) स्वीकृत है ।
2.11	02 स्टेशन बरकाकाना एवं गढ़वा रोड में हाई राइजिंग प्लेटफॉर्म का निर्माण किया जा रहा है ।
2.12	धनबाद मंडल यात्रियों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है इस दिशा में सार्थक कार्य करते हुए मंडल से सभी मानवरहित समपार फाटक पूर्णरुपेण समाप्त कर दिये गये हैं यह मंडल की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है ।
3.0	**माननीय सांसद श्री पी.एन.सिंह, धनबाद**
3.1	मानीय सांसद श्री पी.एन.सिंह जी ने सभी माननीय सांसदों, महाप्रबंधक, मंडल रेल प्रबंधक तथा उपस्थित अन्य सभी रेल अधिकारीगणों को संबोधित करते हुए कहा कि यह बैठक काफी समय के पश्चात आयोजित की गई है । उन्होने रेल मंत्री महोदय का आभार जताया कि उन्होंने मंडलीय संसदीय समिति की बैठक आयोजित करने की पहल की और इसी कड़ी में आज यह बैठक धनबाद मंडल में आयोजित हो रही है । यह बैठक समय - समय पर आयोजित होने से मंडल में होने वाले यात्री संबधित सुविधाओं का प्रभावी ढंग से विकास हो सकेगा । अतः यह बैठक समय - समय पर आयोजित हो इस पर ध्यान दिये जाने की आवश्यकता है ।
3.2	बोधगया में आयोजित पिछली बैठक का कार्यवृत अभी तक जारी नहीं होने पर उन्होने खेद जताया ।
3.3	धनबाद की जनसंख्या में लगातार वृद्धि हो रही है लेकिन यात्री सुविधाओं में उस अनुपात में बढ़ोत्तरी नहीं हो पा रही है ।
3.4	धनबाद - चन्द्रपुरा लाईन बंद होने पर उन्होंने खेद प्रकट करते हुए कहा कि इससे 19 जोड़ी गाडियाँ प्रभावित हुई हैं । साथ ही हावड़ा नई दिल्ली दुरंतो एक्सप्रेस जो धनबाद होकर चलती थी का मार्ग बदल दिया गया । इससे जनता को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है ।
3.5	उन्होनें सुझाव दिया कि दरभंगा सिंकदराबाद ट्रेन का परिचालन इस प्रकार किया जाय की गोमो

जंक्कशन पर ट्रेन इंजन को रिभर्सल न करना पड़े । इसको लिए गोमो से पहले एक लाइन उपलब्ध कराई जाय जिससे की रिवर्सल करने की आवश्यकता नही होगी । इस पर महाप्रबंधक ने माननीय सांसद महोदय को सुचित किया कि गोमो स्टेशन पर तीन ROR स्वीकृत है एवं यह कार्य जल्द ही शुरू किया जायेगा ।

3.6 सांसद महोदय ने कहा कि आम जनता की जरुरत को देखते हुए धनबाद – चन्द्रपुरा लाईन को किस प्रकार सुरक्षित किया जा सके ताकि माल एवं सवारी गाड़ी का परिचालन हो सके, यह रेलवे को सोचने की आवश्यक्ता है ।

3.7 धनबाद – गिरिडीह लाईन जो करीब 65 कि.मी की है, मार्ग के सर्वे का प्रावधान है । महाप्रबंधक महोदय ने माननीय सांसद महोदय को बताया कि सर्वे करने का कार्य जारी है । पीन्क बुक में सर्वे की राशि भी निर्धारित की जा चुकी है ।

3.8 धनबाद स्टेशन के मुख्य द्वार में हमेशा जाम की स्थिति रहती है । इससे निजात पाने के लिए उन्होने गया पुल के सामने से निकास का रास्ता निकालने का सुझाव दिया । इस पर महाप्रबंधक महोदय ने मंडल अघिकारियों को निर्देशित किया कि इसका सर्वे कर उचित कार्यवाही करें ।

3.9 रेलवे स्टेडियम अक्सर बंद रहता है इसे सुबह - शाम वाक के लिए आम जनता के लिये खोला जाय । तेतुलतला मैदान की स्थित जर्जर हो गई है इसका सौदर्यीकरण किया जाय ।

3.10 पॉलिटेक्निक के पास रेलवे की जमीन में जो तालाब है उसके अगल – बगल भारी संख्या में अतिक्रमण हो रहा है । अतः उन्होंने सुझाव दिया कि अतिक्रमण को हटा कर एक चारदिवारी का निर्माण कराया जाय अथवा पार्क के रुप में विकसित किया जाय ।

3.11 रेलव कल्ब में हमेशा समारोह इत्यादि होते रहते हैं जिससे मुख्य मार्ग पर जाम की सम्स्या बनी रहती है । अतः मुख्य मार्ग को चौड़ा किये जाने की आवश्यकता है ।

3.12 डीएस कॉलोनी, वाचएण्डवार्ड सहित अन्य रेलवे कॉलोनियों में कम्युनिटी हॉल नहीं हैं । अतः कर्मचारियों के हित के लिए कम्युनिटी हॉल बनवाये जायें ।

3.13 मंडल की रेलगाडियों में प्रतिक्षासूची काफी लंबी रहती है । रिजर्वेशन कोटा को बढ़ाया जाय ताकि यात्रियों को कन्फर्म टिकट मिल सके । इस पर ध्यान दिये जाने की आवश्यकता है ।

3.14 प्रधानखंटा रेलवे क्रॉसिंग के समीप तीन गाँव स्थित हैं । गुड्स ट्रेन के आवागमन के समय काफी समय तक फाटक बंद रहता है जिसके कारण स्थानीय लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है । अतः रोड को पीछे की तरफ शिफ्ट किया जाय ताकि मालगाड़ी के ठहराव से रोड पर लोगों के आवागमन बाधित न हो ।

क्रम संख्या	**मद**
3.15	उन्होनें राँची - जयनगर एक्सप्रेस,भुवनेश्वर गरीबरथ एक्सप्रेस,कामख्या एक्सप्रेस, पाटलिपुत्र एक्सप्रेस तथा वनानचल एक्सप्रेस को गोमो- धनबाद मार्ग से परिचालन की माँग की।
4.0	**माननीय सांसद श्री बी.डी.राम, पलामू**
4.1	माननीय सांसद महोदय ने सभी माननीय सांसदों, महाप्रबंधक, मंडल रेल प्रबंधक एवं रेल अधिकारियों को संबोधित करते हुए धनबाद में संसदीय समिति की बैठक आयोजित करने पर धन्यवाद दिया ।
4.2	माननीय सांसद ने यह सुझाव दिया कि धनबाद मंडल द्वारा अर्जित राजस्व को देखते हुए अन्य मंडलों की तुलना में धनबाद मंडल को आबंटन की राशि आनुपातिक दृष्टि से अधिक मिलनी चाहिए । महाप्रबंधक ने यह उल्लेख किया कि रेलवे बोर्ड ने पूर्व मध्य रेल को RRSK मद पर 20 हजार करोड़ रुपये की राशि आबंटित की है।
4.3	वर्ष 2012 - 13 में झारखंड सरकार ने छोटा अंबोना, प्रधानखंटा, बलियापुर, सिंदरी आरओबी निर्माण हेतु 17.39 करोड़ रुपये की राशि रेलवे को भुगतान की है लेकिन वर्ष 2018-19 तक आरओबी के निर्माण का कोई कार्य शुरू नहीं किया गया है । इस कार्य को शिघ्र पुरा करने की जरुरत है।
4.4	माननीय सांसद ने धनबाद मंडल द्वारा सभी मानव रहित समपार फाटक को पूर्ण रुप से बंद करने की उपलब्धि पर धन्यवाद दिया । साथ ही उन्होंने यह कहा कि रेलवे जब कोई मानवरहित समपार फाटक बंद करे तो वह स्थानिय जनप्रतिनिधि को पूर्व में सूचित करे ताकि आम जनता को यह जानकारी पहले ही मिल सके एवं उन्हें किसी परेशानी का सामना न करना पड़े ।
4.5	माननीय सांसद ने पलामू जिला मे स्थित लालगडढ़, पंजी कला एवम् डाली में आर. यू.बी./सबवे का निर्माण करने कि मांग की जिसपर महाप्रबंधक ने यह जानकारी देते हुए कहा कि वर्तमान में इस कार्य हेतु राज्य सरकार से कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।
4.6	शक्तिपुँज एक्सप्रेस तथा त्रिवेणी एक्सप्रेस का मेराल तथा रमना स्टेशन में ठहराव की माँग की।
4.7	पलामू एक्सप्रेस का कजरात नावाडीह स्टेशन में ठहराव की मांग की क्योंकि कजरात नावाडीह झारखंड राज्य का अन्तिम स्टेशन है और यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ता है।
4.8	गढ़वा से राँची के लिये एक Intercity Express की माँग की ।

क्रम संख्या	मद
4.9	हैदरनगर, ऊँटारी और जपला में प्लेटफार्म को ऊंचा करने के कार्य की प्रगति काफी धीमी है इस कार्य को शीघ्रता से पूरा किये जाने की आवश्यकता है ।
4.10	डाल्टनगंज जिला मुख्यालय होने के बावजूद इस स्टेशन पर पैसेन्जर सुविधाओं में कमी है। महाप्रबंधक महोदय ने माननीय सांसद को सूचित किया कि अगर सांसद MPLAD निधि से धनराशि उपलब्ध करायें तो स्टेशन में विकास कार्य और अधिक किया जा सकता है।
4.11	बरवाडीह – चिरमिरी – अम्बिकापुर लाईन के सर्वे का कार्य स्वीकृत है इसको शीघ्र पुरा करने की आवश्यक्ता है।
4.12	ट्रैक क्रॉसिंग का वार्निंग बोर्ड हिन्दी में लिखा होना चाहिए ताकि स्थानीय लोग इसे पढ़कर समझ सके ।
5.0	**माननीय सांसद श्री रविन्द्र पाण्डेय, गिरिडीह**
5.1	माननीय सांसद श्री रविन्द्र पाण्डेय जी ने उपस्थित सभी सांसद महोदय, महाप्रबंधक महोदय, मंडल रेल प्रबंधक महोदय एवं अन्य अधिकारियों को संबोधित करते हुए अपना सुझाव दिया कि पिछली बैठक का कार्यवृत का अनुपालन रिपोर्ट अभी तक नहीं दिया गया है। उन्होने महाप्रबंधक महोदय को सुझाव दिया कि आज की बैठक का अनुपालन रिपोर्ट 01 माह के अंदर दिया जाना सुनिश्चित किया जाय ।
5.2	धनबाद मंडल भारतीय रेल का एक अग्रणी राजस्व अर्जित करने वाला एवं पूर्व मध्य रेल का एक महत्वपूर्ण मंडल है। इसके बावजूद मंडल के साथ भेदभाव बरता जा रहा है क्योंकि दूसरे जोन एवं अन्य मंडलों के स्टेशनों जो यात्री सुविधायें उपलब्ध हैं उसकी तुलना में यहाँ के यात्रियों को बहुत ही कम सुविधा उपलब्ध है । इस विषय पर ध्यान देने की आवश्यकता है ।
5.3	डीजीएमएस एक अलग संस्था होते हुये भी धनबाद – चन्द्रपुरा रेल लाईन में रेल परिचालन को असुरक्षित घोषित कर दिया जबकि रेल लाईन की सुरक्षा को देखने का भार सीआरएस को होता है । धनबाद - झरिया लाईन को 2007 में असुरक्षित घोषित कर बी.सी.सी.एल को कोयला खनन के लिए सौंप दिया लेकिन न तो आज तक खनन का कार्य हुआ और ना ही रेल लाईन धंसी । अतः धनबाद – कतरास – चन्द्रपुरा लाइन पर रेल परिचालन कोई वैकल्पिक व्यवस्था न बनने तक, शरु किया जाय।
5.4	धनबाद – चन्द्रपुरा लाईन में यदि ट्रेन परिचालन संभव न हो तो सोनारडीह तक आने वाली झाड़ग्राम मेमू गाड़ी को तेतुलिया हॉल्ट तक बढ़ा दिया जाय । साथ ही धनबाद से कुसुण्डा तक पूर्व में चली पैसेन्जर ट्रेन को बाँसजोड़ा तक पुनः परिचालन किया जाय।

क्रम संख्या	मद
5.5	बेरमो स्टेशन में फुटऔवर ब्रीज बनाने की दिशा में सार्थक पहल की जाय एवं 25 दिसंबर जो स्वर्गीय भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जी का जन्मदिवस है उस तिथि को इसका उदघाटन किया जाय ।
5.6	बरकाकाना से गोमो आने वाली सवारी गाड़ी में दो कोच लगे रहते हैं जो हटिया पटना में जुड़ कर पटना जाते हैं और वापसी में इसी क्रम में गोमो में लगकर बरकाकाना पहुँचती है। माननीय सांसद का सुझाव था कि इन दो स्लिप कोच को चन्द्रपुरा से बरकाकाना वापस कर पलामू एक्सप्रेस में जोड़ दिया जाय । इससे सैकड़ों यात्रियों को शक्तिपुंज एक्सप्रेस से पहले गढ़वा रोड तक जाने के लिए वैकल्पिक ट्रेन मिल जायेगी ।
5.7	पारसनाथ जो कि जैनियों का एक प्रसिद्ध तीर्थस्थल है अतः इस स्टेशन को मॉडल स्टेशन के रुप में विकसित किया जाय । स्टेशन के पास खाली पड़ी रेलवे की जमीन को पार्क के रुप में विकसित किया जाय ।
5.8	उन्होंने आसनसोल गोमो सवारी गाड़ी को पारसनाथ तक विस्तारित करने का सुझाव दिया ।
5.9	तेतुलमारी स्टेशन में स्टेशन मास्टर के कक्ष को ऊँचा करने , स्टेशन पर उचित प्रकाश की व्यवस्था करने, एल.ई.डी लाइट लगवाने तथा प्लेटफार्म की लंबाई बढ़ाने की माँग की ।
5.10	तेलो स्टेशन पर प्लेटफॉर्म शेड एवं लाइटिंग की व्यवस्था को दुरुस्त करने की माँग की ।
5.11	जारंगडीह स्टेशन में यात्री सुविधाओं का अभाव है इस पर ध्यान दिये जाने की आवश्यकता है ।
5.12	बोकारो थर्मल, फुसरो, चन्द्रपुरा, बेरमो एवं अन्य स्टेशनों पर एलईडी टी.वी लगाने की माँग की ।
5.13	दुगदा हॉल्ट पर हावड़ा - बोकारो पैसेन्जर ट्रेन के ठहराव एवं स्टेशन में यात्री सुविधाओं को बढ़ाने की माँग की ।
5.14	बोकारो थर्मल स्टेशन में एक रिटेनिंग वॉल के निर्माण करने की माँग रखी ।
5.15	माननीय सांसद ने सुझाव दिया कि सभी कार्य समय सीमा के अंदर किये जायें एवं फुसरो स्टेशन पर विशेष ध्यान दिया जाय ।
5.16	पारसनाथ से मधुबन रेलवे लाइन के सर्वे की समीक्षा कर शीघ्र ही रेलवे लाइन के निर्माण की माँग की ।
5.17	राँची -आन्नदविहार वाया बरकाकाना-फुसरो स्पेशल ट्रेन के नियमित परिचालन की माँग की।

क्रम संख्या	**मद**
6.0	**मानानीय सांसद श्री राम टहल चौधरी, राँची**
	माननीय सांसद महोदय ने उपस्थित सभी सांसद महोदय, महाप्रबंधक, मंडल रेल प्रबंधक एवं अधिकारीगणों को संबोधित करते हुए अपना महत्पूर्ण सुझाव दिया जो निम्नवत् हैं –
6.1	माननीय सांसद ने धनबाद स्टेशन पर नए आरक्षित लाउंज के विकास की सराहना की।
6.2	खलारी एवं राय में एफओबी के निर्माण की माँग की ।
6.3	राय, खलारी स्टेशनों में ट्रेनों का स्टोपेज दिया जाय एवं राय स्टेशन में गरीब रथ ट्रेन के स्टोपेज देने की माँग की । राय स्टेशन में एफओबी के निर्माण की माँग की ।
6.4	उन्होंने सुझाव दिया कि मेसरा स्टेशन राँची मंडल के करीब है अतः इसे राँची मंडल के अंतर्गत किया जाय ।
	माननीय सांसद ने राँची – कोडरमा – हजारीबाग रेललाईन में ट्रेनों की परिचालन की माँग की । महाप्रबंधक महोदय ने सूचित किया कि सांकी स्टेशन से 28 किमी का काम शेष है जिसे अगले वित्तीय वर्ष तक पूरा कर लिया जायेगा । अभी टाटीसिल्वे से सांकी तक ट्रेन परिचालन विचाराधीन है।
7.0	**माननीय सांसद श्री हरिमांझी, गया**
	माननीय सांसद, गया, ने उपस्थित सभी माननीय सांसदों, महाप्रबंधक, मंडल रेल प्रबंधक एवं अधिकारीगणों को संबोधित करते हुए पूर्व में बोध गया में हुई बैठक एवं वहाँ पर रखे गये मुद्दों की संक्षिप्त जानकारी दी । आज की बैठक में उनके द्वारा रखे गये प्रमुख मद निम्नवत् हैं –
7.1	उन्होंने गाड़ी संख्या 12365/66 पटना – राँची जनशताब्दी एक्सप्रेस तथा गाड़ी संख्या हावड़ा जोधपुर के ठहराव की माँग की ।
7.2	उन्होंने गुरपा तथा टनकुप्पा स्टेशन में एफओबी निर्माण की माँग की। रेलवे ने उन्हें सूचित किया कि गुरपा एवं टनकुप्पा स्टेशन में एफओबी निर्माण का कार्य स्वीकृत है ।
7.3	बोधगया एक धार्मिक स्थल है पितृ पक्ष के भीड़ को देखते हुए एक स्पेशल ट्रेन चलाने की आवश्यकता है ।
7.4	देहला की तरफ 1 नं. गुमटी के पास घनी आबादी का क्षेत्र है इसे देखते हुए ओवरब्रिज का निर्माण किया जाय ।
7.5	गया स्टेशन के अप्रोच रोड की स्थिति दयनीय है उन्होंने शीघ्र मरम्मत की माँग की ।

क्रम संख्या	**मद**
7.6	गया के पास 1 नं. गुमटी बंद है इसे चालू किया जाय ।
8.0	**मानानीय सांसद डॉ0 रवीन्द्र कुमार राय, कोडरमा** माननीय सांसद ने उपस्थित माननीय सांसदों, महाप्रबंधक महोदय, मंडल रेल प्रबंधक महोदय एवं अधिकारीगणों को संबोधित करते हुए निम्नलिखित माँगें/सुझावों को प्रस्तुत कियाः
8.1	कोडरमा स्टेशन का नाम झुमरी तिलैया एवम् हजारीबाग रोड का नाम सरिया रखने की माँग की क्योंकि नाम के कारण यात्रियों को भर्म हो जाता है। उन्होने इस संबंध में रेलवे से पत्राचार भी किया है जिसका संदर्भ देकर रेल, राज्य सरकार से आग्रह कर सकती है।
8.2	कोडरमा स्टेशन के नाम में जंक्शन शब्द जोड़ने की बात की जिसका उल्लेख टिकट पर भी हो।
8.3	कोडरमा स्टेशन में पानी की कमी बताया। महाप्रबंधक ने दो टैंकर के जगह चार टैंकर पानी की व्यवस्था करने का आश्वासन दिया।
8.4	उन्होंने सुझाव दिया कि स्टेशनों में यात्रियों से संबंधित जनसुविधा कार्यक्रमों में संबंधित निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचित प्रतिनिधि को आमंत्रित किया जाय ताकि आम जनता तक यह संदेश पहुँच सके कि संबंधित जनप्रतिनिधि के प्रयासों से विकास कार्य संभव हो सका है।
8.5	उन्होंने भारतीय खाद्य निगम के साइडिंग को पिपराडीह शिफ्ट करने की माँग की जिससे की ट्रैफिक जाम की समस्या से आम जनता को निजात मिल सके ।
8.6	कोडरमा में रेलवे कोर्ट की स्थापना की माँग की ।
8.7	कोडरमा गिरिडीह के नवनिर्मित लाइन में सवारी गाड़ी का परिचालन तो शुरु हो गई है लेकिन स्टेशनों में प्लेटफॉर्म की सुविधा उपलब्ध नहीं है ।
8.8	धनवार बाजार के अंतर्गत निर्मित पुल की स्थिति जर्जर है इसे मरम्मत कराया जाय ।
8.9	रेवा में झारखंड धाम स्टेशन की माँग की ।
8.10	कवांर से गिरिडीह लाईन में शेष कार्य को पूरा करने की माँग की ।
8.11	हिरोडिह स्टेशन पर एफओबी के निर्माण की माँग की । इस पर महाप्रबंधक महोदय ने जानकारी दी कि एफओबी स्वीकृत हो गया है ।
8.12	परसाबाद एवं चिचाकी स्टेशन में आरक्षण काउन्टर खोलने की मांग की साथ ही हजारीबाग रोड में दोनों शिफ्ट में आरक्षण काउन्टर खुले रहने की मांग की ।

क्रम संख्या	मद
8.13	हजारीबाग रोड स्टेशन में प्रतीक्षालय स्टेशन के बाहर बना हुआ है जो कि रात्रि में यात्रियों के लिए सुरक्षा की दृष्टि से ठीक नहीं है । अतः प्रतीक्षालय स्टेशन के अंदर निर्मित किया जाय ।
8.14	हजारीबाग रोड स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या 3 एवं 4 के शेड को बड़ा किये जाने की माँग की ।
8.15	हजारीबाग रोड स्टेशन के हॉस्पिटल में नियमित डॉक्टर की पदस्थापना की मांग की ।
8.16	राँची – नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस तथा झारखंड स्वर्णजयंती एक्सप्रेस के हजारीबाग रोड में ठहराव की माँग की ।
8.17	सूरत जाने के लिए साप्ताहिक ट्रेन उपलब्ध है इसे प्रतिदिन चलाये जाने की माँग की। साथ ही उन्होंने मुंबई के लिए एक नई रेलगाड़ी की माँग की ।
8.18	कोडरमा गिरिडीह ट्रेन का परिचालन सातों दिन करने की माँग की ।
8.19	सियालदह – जम्मूतवी एक्सप्रेस चार – चार माह चिचाकी एवं चौबे में क्रमशःरुकती है इसका ठहराव नियमित करने की माँग की ।
8.20	मालगाड़ियों से कोयले की चोरी को रोकने की माँग की ।
8.21	सरिया में नये ओवरब्रिज के निर्माण की माँग की । महाप्रबंधक महोदय ने आश्वासन दिया कि ओवरब्रिज के निर्माण हेतु मुख्य सचिव झारखंड के साथ एक बैठक आयोजित कर इस पर चर्चा की जाय जिसमें माननीय सांसद महोदय की उपस्थित भी हो ।
8.22	गिरिडीह- कोडरमा- बोकारो – राँची रूट में सवारी गाड़ी चलाने की माँग की ।
8.23	मस्काडीह गाँव चौबे स्टेशन के पास स्थित है जहाँ ट्रैक क्रॉसिंग की कोई सुविधा नहीं है । माननीय सांसद को सूचित किया गया कि चौबे स्टेशन में एफओबी स्वीकृत हो गया है ।
9.0	**माननीय सांसद श्री महेश पोद्दार राज्यसभा के प्रतिनिधि श्री संजय झा**
	माननीय राज्यसभा सांसद के प्रतिनिधि श्री संजय झा जी ने उपस्थित माननीय सांसदों, महाप्रबंधक महोदय, मंडल रेल प्रबंधक महोदय एवं अधिकारीगणों को संबोधित करते हुए माननीय राज्यसभा सांसद श्री महेश पोद्दार जी की माँग एवं सुझावों को प्रस्तुत किया जो निम्नवत हैं –
9.1	बलियापुर के करमाटाँड पंचायत में हूचूकटाँड गाँव में सड़क की स्थिति काफी जर्जर है अतः रेलवे से आग्रह है कि अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करे ताकि यहाँ सड़क का निर्माण किया जा सके।

क्रम संख्या	मद
9.2	बरमसिया गेट पर पैदल पुल का निर्माण किया जाय जिससे कि पैदल चलने वाले लोगों को 1 किमी अतिरिक्त न चलना पड़े ।
9.3	उन्होंने धनबाद रेलवे स्टेडियम का नाम शहीद हीरा झा के नाम पर करने की माँग की तथा रेलवे स्टेडियम को 02 घंटे के लिये आम जनता के लिए खोलने की माँग की ।
9.4	उन्होंन मंडल अस्पताल धनबाद की स्थिति की ओर महाप्रबंधक का ध्यान आकृष्ट करवाया साथ ही इसे सुपर स्पेशियालिटी हॉस्पिटल के रुप में विकसित करने की माँग की ।